# फर्जी पर्ची तैयार कर खाद लेने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.** पुलिस ने फर्जी पर्ची तैयार कर शासकीय खाद लेने वाले दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया । जहां से दोनों को जेलभेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि तोफान पिता रामकुमार पटेल (कुर्मी) उम्र 58 साल निवासी वार्ड नं. 9 तेन्दूखेडा ने एक लिखित आवेदन दिया सजल साहू निवासी तेन्दूखेडा व अन्य द्वारा फर्ची शील साईन व फर्जी खाद पर्ची के माध्यम से खाद बोरी प्राप्त करने के संबन्ध में पेश किया, जो आवेदन पत्र पर से आरोपी सजल पिता शैलेन्द्र साहू निवासी वार्ड नं.12 तेन्दूखेडा व पूनम लोधी पति कौशल सींग लोधी निवासी ग्राम बम्हौरी के विरुद्ध अपराध क्र. 381/2025 धारा 318(4) भान्यासं पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया.। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अति. पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया, एसडीओपी तेन्दूखेड़ा देवीसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना तेन्दूखेड़ा पुलिस टीम ने कार्यवाही शुरू की। पंलिस ने आरोपी सजल पिता शैलेन्द्र साहू निवासी वार्ड क्र.12 तारादेही रोड तेन्दूखेड़ा को गिरफ्तार कर अपराध से संबंधित 03 फर्जी शील, बही व 04 बोरी यूरिया खाद जप्त किया गया. आरोपिया पूनम लोधी पति कौशल सिंह लोधी निवासी ग्राम बम्हौरी को गिरफ्तार कर फर्जी शील बनाने में प्रयुक्त लैपटॉप, प्रिंटर व अन्य सामग्री जप्त की गयी. आरोपीगणों को न्यायालय में पेश किया गया है.

### महत्वपूर्ण भूमिका

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा उपनिरी.नीतीश जैन,सउनि गजराज सिंह, प्र.आर. बृजेश तिवारी, याशीन खान, सालिम खान, आर. शैलेन्द्र बघेल, आर. विशाल बैन, आर. राममिलन, आर. गोपाल सिंह, आर. रणधीर दांगी, न.र.स. सलीम खान, मुनीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

### इनका कहना है

आरोपियों के पास 3 सील लैपटॉप स्कैनर के अलावा 8 पर्चियां भी पकड़ी गई.मामले की गमीरता से जांच की जा रही है.

**नीतेश जैन**
**थाना प्रभारी, तेंदूखेड़ा**



# बांदकपुर में शांति समिति की बैठक

**नवभारत,दमोह.**बांदकपुर चौकी में नव रात्रि, दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया. इस अवसर पर हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर,चौकी प्रभारी राजेन्द्र मिश्रा, प्र.आ. प्रकाश,आ.राजकुमार, मंदिर सहायक प्रबंधक पं. केदार नाथ दुबे, मंडल अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, दुर्गेश ठाकुर, अरविंद पाठक, अमत चौबे, शंकर गौतम, अमित दुबे, श्रीराम शुक्ला,मुडारी सरपंच, बम्होरी सरपंच देवी सिंह, बांदकपुर सरपंच, सलैया सरपंच, रियाना सरपंच, सुधांशु और ग्राम के गणमान्य नागरिक, दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष,सदस्य गण मौजूद रहे.

## सागर नाका चौकी में भी बैठक



चौकी सागर नाका में सीएसपी एचआर पांडे व सागर नाका चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर रोहित द्विवेदी और स्टाफकी मौजूदगी में आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की मीटिंग ली गई.जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों के त्योहारों में सौहार्दपूर्ण मनाने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए.मीटिंग में क्षेत्र के ऋषिराज सिंह परिहार और गणमान्य नागरिक आयोजन समिति के कार्यकर्ता व डीजे संचालक उपस्थित रहे.

## एक नजर में



### पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा पर्व कार्यक्रम हुआ

**नवभारत,दमोह.**उत्कृष्ट विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पखवाड़े के अवसर पर सेवा पर्व पर कार्यक्रम हुआ. मुख्य अतिथि के रूप में दमोह युवा सांसद राहुल सिंह, नरेंद्र बजाज, रामेश्वर चौधरी, डीईओ एसके नेमा रहे.



### मोहन नागर से भाजपा जिलाध्यक्ष ने भेंट की

**नवभारत,दमोह।** मोहन नागर प्रदेश उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद के दमोह आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में सभी ने सर्किट हाउस पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की.इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ में की उपस्थिति रही.



### सालों से टूटा पड़ा पुल, अब तक नहीं हुआ सुधार कार्य

**नवभारत,पथरिया।** तहसील पथरिया अंतर्गत ग्राम सेमरा लख.सागर जिले के सिंग्रहावन गांव से जोड़ने वाला पुल पिछले करीब 6 वर्ष से टूटा हुआ है। लेकिन अब तक न कोई विशेष सुधार कार्य हुआ और न पुल का नया निर्माण हुअ। पुल टूटने से लगातार दुर्घटनाएं हो रहीं है और आवागमन की समस्या ग्रामीणों के लिए एक चुनौती बन कर रह गई है। ग्रामीणों ने बताया कि शासन-प्रशासन को उक्त समस्या संबंध में कई बार अवगत कराया जा चुका है। लेकिन जिम्मेदारो द्वारा समस्या के निदान के लिए अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों द्वारा शासन से शीघ्र नए पुल निर्माण की गुहार लगाई जा रहीं है। ताकि आवागमन में कोई परेशानी न हो।

# हिंडोरिया में शिविर का हुआ आयोजन

▸ किसानों की अनेक समस्याओं का हुआ निराकरण



**नवभारत,दमोह.**शासन द्वारा जहां एक ओर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ग्रामीण स्तर पर अनेक प्रकार की आयोजन आयोजित कराये जा रहे हैं. वहीं दूसरी ओर जिले की हिंडोरिया उप तहसील मुख्यालय में अधीक्षक भू अभिलेख श्रीमती वर्षा दुबे द्वारा फार्मर रजिस्ट्री, पी एम सम्मान निधि सहित राजस्व शिविर का आयोजन आयोजित किया गया.जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं का तत्काल ही स्थल पर निराकरण करते हुए अन्य कुछ योजनाओं के शीघ्र ही निराकरण कराए जाने के निर्देश दिए.इस अवसर पर अधीक्षक भू अभिलेख वर्षा दुबे ने शिविर में उपस्थित किसानों की फार्मर रजिस्ट्री,पी एम केवाईसी, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत न मिलने पर, परिमार्जन सहित उनकी विभिन्न प्रकार की समस्याओं का हल करने सहित अन्य किसानों की विभिन्न समस्याओं का तत्काल ही पटवारी से निराकरण कराया गया.इसके अलावा किसानो के नामांतरण, सीमांकन ,बटवारा, नक्शा, वटाकन आदि की भी समस्याएं सामने आने पर उनके नियमानुसार आवेदन देते हुए निराकरण कराए जाने की बात कही। इस अवसर पर नायाब तहसीलदार हिंडोरिया प्रीतम सिंह, राजस्व निरीक्षक धनीराम परस्ते, ऑपरेटर सूर्या कुमार चढ़ार, पटवारी नीतू यादव ,गौरव पटैल, संजू गोस्वामी सहित सर्वेयरो सहित सैकड़ो की तादाद में ग्रामीणों की उपस्थिति रही.इस अवसर पर किसानों ने अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती दुबे से शिकायत करते हुए बताया कि तहसील कार्यालय परिसर में केशव पटेल जो अर्जी नवीस व सीएससी केंद्र का संचालन कर रहा है जिसके द्वारा किसानों से राशि का भुगतान करा कर कार्य न करने,लोगों को गुमराह कर वैधानिक राशि लेने संबंधी शिकायत की गई. जिस कारण से कृषकों को भ्रम में रखकर गुमराह किया जा रहा है. उपस्थित कृषक श्रीमती रानू खान, अमजद खान ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि पंजीयन हेतु उसके द्वारा 900 रुपए की राशि ली गई और कार्य भी नहीं किया गया. कृषक आज भी भटक रहा है इस संबंध में अधीक्षक ने शीघ्र ही कार्रवाई करने के लिए शिकायतकर्ताओं को आवस्त किया. इसके बाद सेवा पखवाड़ा के चौथे दिवस में अधीक्षक भू अभिलेख श्रीमती वर्षा दुबे ने एक बार फिर आनू, भदौली, गूंजी,सडिया, मड़िया ग्रामों का भ्रमण कर आरोग्य केंद्रों, ग्राम पंचायत भवन व विद्यालय में आयोजित होने वाली गतिविधियों का निरीक्षण किया.विभिन्न स्कूलों में विकसित भारत के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियो गिताओं का आयोजन किया गया.



# 500 से अधिक छात्रों ने चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत की विकसित भारत की झलक

▸ सांसद ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

**नवभारत,दमोह.** सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में सांस्कृतिक स्रोत व प्रशिक्षण केंद्र,क्षेत्रीय केंद्र दमोह द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में 500 विद्यालयीन छात्रों ने अपनी कल्पना और रंगों के माध्यम से विकसित भारत की झलक प्रस्तुत की। उक्त कार्यक्रम सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी की गरिमामय मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। इस दौरान दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने छात्रों से संवाद कर उनके द्वारा बनाई गईं चित्रकला की सराहना की। सांसद दमोह श्री लोधी ने कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं कों स्वछता की शपथ दिलाई।जिला शिक्षा अधिकारी दमोह एस के नेमा नें छात्रों कों शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर नोडल अधिकारी उपनिदेशक (अकाम) राहुल कुमार,उपनिदेशक (कार्यशाला) संदीप शर्मा, विभिन्न समाजसेवी संस्थाए, स्वंयसेवी संस्थाए, शिक्षकगण, छात्र- छात्राए सहित व सम्मानीय मिडियाजन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आभार प्राचार्य आर पी पटेल द्वारा व्यक्त किया गया।

# जबेरा थाना में शांति समिति की बैठक



**नवभारत,जबेरा/दमोह.**आगामी नवरात्रि पर्व व अन्य त्योहारों को लेकर जबेरा थाना प्रांगण में तहसीलदार सोनम पांडे व थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया.बैठक में सभी समिति के सदस्य ग्रामवासी जनप्रतिनिधि व पत्रकारगण मौजूद रहे.तहसीलदार सोनम पांडे ने बताया कि सभी समिति के सदस्यों के समक्ष बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में समिति के सदस्यों से कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक जानकारी मांगी गई.सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है व शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की सभी से अपील की. थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि सभी सदस्यों की सहमति से यह निर्णय लिया गया है कि दशहरा एक अक्टूबर को मनाया जाएगा. लाइट व्यवस्था, के साथ टेंट वाले विद्युत कनेक्शन के समय विशेष ध्यान रखें सतर्कता बरते बरसात का मौसम है ताकि कोई दुर्घटना घटित न हो. डीजे के संबंध में आवश्यक हिदायत दी गई. इसके साथ ही पुलिस द्वारा लगातार गस्त की जाएगी अपराधियों पर निगरानी रहेगी.विद्युत विभाग के जेई एमएस ने बताया कि सभी समितिया किसी भी सदस्य या समिति के नाम से मात्र 3000 देकर कनेक्शन लेवे, अवैध कनेक्शन कोई भी न करें कट वाले तार न लगाए.सचिव जनमेजय दुबे ने बताया कि जो मांग रखी गई है साफ-सफाई के संबंध में उसे पर ग्राम पंचायत द्वारा लगातार साफसफाई की जाएगी.जहां पर भी लाइट नहीं है वहां पर लाइट लगाई जाएगी जो बंद होंगी उन में सुधार कार्य करवाया जाएगा.

# इस बार नवरात्रि होगी दस दिन की



**कुम्हारी।** कुम्हारी नगर में नवरात्रि के पावन पर्वो को लेकर उत्साह देखा जा रहा जगह-जगह पंडाल में विराजमान देवी प्रतिमाओं की तैयारी समितियां के द्वारा जोरों पर चल रही है 9 दिन तक भक्ति में शक्ति की जयकार चारों ओर गूंजते है जयकारे वही भक्त माता रानी को मनाने के लिए तरह-तरह के जतन करते हैं 9 दिन तक भक्ति साधना व्रत, तप, नियम, संयम, जप,पूजा, अर्चना आदि भक्तों के लिए लाभदायक मानी जाती हैं नवरात्रि में माता रानी को प्रसन्न करने के लिए भक्त निरंतर भक्ति में लीन नजर आते हैं। नवरात्रि में मंदिर देवालय पंडाल लगातार सजावट होने लगी है माता का दिव्य दरबार सजाने के लिए भक्त निरंतर जुटे है शारदीय नवरात्र महोत्सव 22 सितंबर से शुरू हो रहा है और एक अक्टूबर को दुर्गा नवमी पर संपन्न होगा। इस बार नवरात्र नौ के बजाय 10 दिन चलेंगे। क्योंकि चतुर्थ तिथि दो दिन पड़ रही है। इससे पहले वर्ष 2016 में भी नवरात्र 10 दिन के थे और अब 9 साल बाद फिर ऐसा ही संयोग बना है। वहीं वर्ष 2021 में नवरात्र केवल 8 दिन के ही थे। हालांकि इस बार भी पंचांग को लेकर मतभेद है, कुछ पंचांग के अंदर तृतीया तिथि दो दिन बताई गई है।


### नाम सुधार सूचना

**मैं जुमाना अली पति श्री डॉ. अली असगर जाति मुस्लिम आयु 45 वर्ष, साकिन मागंज वार्ड नं. 02 दमोह तहसील दमयंतीनगर दमोह जिला दमोह शपथपूर्वक सत्य कथन करती हूँ :- 1. यह कि मैं मागंज वार्ड नं. 02 दमोह, तहसील दमयंतीनगर दमोह जिला दमोह में निवास करती हूँ, 2. यह कि मेरे पुराने पासपोर्ट जिसकी पासपोर्ट संख्या F-7051311 है, इसमें मेरा नाम JUMANA YUNUS ALI दर्ज है। 3. यह कि शादी के बाद मेरा नाम JUMANA ALI हो गया जो कि मेरे आधार कार्ड एवं वोटर कार्ड में दर्ज है। अत: मुझे मेरे नए नाम जुमाना अली से जाना जाए। मैं नया पासपोर्ट जुमाना अली के नाम से वनवाना चाहती हूँ**

**पुराना नाम :- JUMANA YUNUS ALI**
**नया नाम :- JUMANA ALI**


## अपराध

### पुरानी चुनावी रंजिश के चलते गांव के ही देवेन्द्र लोधी पर चलाई थी गोली

# गोलीकांड का आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार



**नवभारत,दमोह/पटेरा.** थाना पटेरा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ग्राम शिकारपुरा में हुई हत्या की गुत्थी महज कुछ घंटों में सुलझा ली. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त 12 बोर की बंदूक भी बरामद कर ली है.घटना 18 सितंबर 2025 को ग्राम शिकारपुरा में घटित हुई. जब आरोपी मोती उर्फ रामतिलक लोधी (पिता जाहर सिंह लोधी, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी शिकारपुरा) ने पुरानी चुनावी रंजिश के चलते गांव के ही देवेन्द्र लोधी (पिता अर्जुन सिंह लोधी, उम्र 40 वर्ष) को गोली मार दी. बताया गया कि आरोपी ने पहले गाली-गलौज की और फिर कंधे पर टंगी 12 बोर बंदूक से सीने में गोली दाग दी,मौके पर ही देवेन्द्र की मौत हो गई.

प्रकरण की रिपोर्ट मृतक के भाई विष्णु सिंह लोधी द्वारा दर्ज कराई गई. इस पर थाना पटेरा में अपराध क्रमांक 257/25, धारा 296, 103(1) बीएनएस व 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया.पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सरोज ठाकुर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त हथियार भी जब्त किया गया.आरोपी को 19 सितंबर को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया.

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सरोज ठाकुर के साथ उप निरीक्षक संतोष सिंह, संजय सिंह, दिलीप सिंह, बल्देव सिंह, प्रधान आरक्षक दिनेश, प्रमोद चौबे, पूरनलाल, आरक्षक बालमुकुंद, बृजेश, गब्बर राजपूत, सुरेश, अनिल सिंह, इंद्रजीत, राघवेन्द्र व महिला आरक्षक रानी का सराहनीय योगदान रहा.

### एटीएम से छेड़छाड़ का प्रयास

दमोह.जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदकपुर में एसबीआई के एटीएम से छेड़छाड़ होने की घटना का प्रयास किया गया. जहां जानकारी लगते ही मौके पर बांदकपुर पुलिस पहुंची और जांच में जुटी हुई है.











